### 11 लड़कियां और संचालक गिरफ्तार

# स्पा और मसाज सेंटर की आड़ में चल रहा था सेक्स रैकेट


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शाहदरा जिले के स्पेशल स्टाफ और शाहदरा थाना पुलिस ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत आनंद विहार इलाके में चल रहे सेक्ट रैकेट का पर्दाफाश किया है। यह रैकेट क्रास रिवर मॉल के फर्स्ट फ्लोर पर हेवन स्पा नाम के सेंटर में संचालित किया जा रहा था। 11 लड़कियों समेत कुल 12 लोगों को अरेस्ट किया गया है। पुलिस स्पा को सील करने के लिये संबंधित विभागों को पत्र लिखने की बात भी कह रही है।

डीसीपी शाहदरा आर. सत्यसुंदरम के अनुसार पुलिस ने नकली ग्राहक को सेंटर में भेजा था। एक हजार रुपये मसाज के लिये तय हुआ। इसके बाद उसे कुल 11 लड़कियों को दिखाया गया। 11 लड़कियों में से किसी एक को मसाज के लिये चुनने के लिए कहा गया। इसके बाद फर्जी ग्राहक से अंदर जाकर एक हजार रुपये अतिरिक्त सेक्स के लिये डिमांड की गई। ग्राहक ने मिस्ड कॉल देकर पुलिस टीम को इशारा कर दिया। टीम ने उक्त परिसर में छापेमारी की और मौके से कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि उक्त स्पा का लाइसेंस भी एक्सपायर हो चुका था। लाइसेंस सुनील कटियाल के नाम से जारी किया गया था। ईडीएमसी भी स्पा का चालान कर चुकी थी। पुलिस आगे उक्त परिसर को सील करने के लिए न्यायालय, संबंधित एसडीएम और ईडीएमसी को पत्र भेजेगी।

**खास बात**

- पुलिस स्पा को सील करने के लिये संबंधित विभाग व अधिकारों को लिखेगी पत्र



### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाते तीन दबोचे

शाहदरा जिले के कृष्णा नगर थाना एरिया में आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मकान नंबर 46/2डी, चौथी मंजिल, गली नंबर 17, पूर्वी आजाद नगर, कृष्णा नगर दिल्ली में की है। गिरफ्तार तीनों व्यक्तियों के नाम नितिन घई, रोहित शर्मा और कुलदीप उर्फ मुंशी बताये गये हैं। तीनों अपने मोबाइल फोन और लैपटॉप की मदद से आईपीएल मैच में जुआ खेलते पाए गए थे। इन्हें रंगे हाथों दबोचा गया। लगातार पूछताछ के बाद आरोपी नितिन घई ने खुलासा किया कि वह आईपीएल का बुकी है। रोहित और कुलदीप उसके कर्मचारी हैं। दोनों को प्रतिदिन 500 रुपये दैनिक मजदूरी और दैनिक खर्चों पर काम पर रखा गया था। नितिन ने आगे खुलासा किया कि उसने इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और आसानी से पैसे के लिए जुआ व सट्टा खेलने लगा था। रोहित ग्रेजुएट है और कॉल सेंटर में काम करता है। कुलदीप 10वीं पास और बाइक मैकेनिक है।

# जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी ने निःशुल्क आईएएस कोचिंग के लिए आवेदन आमंत्रित किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जामिया मिल्लिया इस्लामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने वर्ष 2022-2023 की प्रारंभिक एवं मुख्य सिविल सेवा परीक्षा की निःशुल्क कोचिंग लेने के इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि अकादमी अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उम्मीदवारों के आवेदन आमंत्रित कर रही है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करने की आखिरी तारीख 15 जून है। बयान के मुताबिक, विश्वविद्यालय उम्मीदवारों का चयन करने के लिए दो जुलाई को परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा दिल्ली, श्रीनगर, जम्मू, हैदराबाद, मुंबई, लखनऊ, गुवाहाटी, पटना, बेंगलुरु और मलप्पुरम (केरल) में आयोजित की जाएगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक छात्रों को मुफ्त कोचिंग व आवासीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवासीय कोचिंग अकादमी को वित्त मुहैया कराता है। जामिया मिलिया इस्लामिया ने कहा कि आरसीए सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों को देश के बेहतरीन पारिस्थितिकी तंत्र और चौबीसों घंटे उपलब्ध रहने वाली पुस्तकालय सुविधा के साथ वंचित छात्रों को निःशुल्क कोचिंग एवं प्रशिक्षण प्रदान करती है। आरसीए की स्थापना के बाद से इससे कोचिंग लेने वाले 245 से अधिक उम्मीदवार सिविल सेवा में चयनित हो चुके हैं, जबकि 376 उम्मीदवारों को अन्य केंद्रीय व राज्य सेवाओं में नौकरी मिली है।

**सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड**
CIN: L65999DL1985PLC019846
पंजीकृत कार्यालय : ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट्स, 25, आई.पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज नई दिल्ली-110092
E-Mail: info@sidhmanagement.in; Website: www.sidhmanagement.in

**31 मार्च 2022 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु अंकेक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का सार**
[सेबी (एलओडीआर) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1)(बी) देखें] (राशि रु. में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही | | | समाप्त वर्ष | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| | | 31 मार्च 2022 | 31 दिसम्बर 2021 | 31 मार्च 2021 | 31 मार्च 2022 | 31 मार्च 2021 |
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | (3,131,436) | (934,114) | 919,583 | 3,000,944 | 3,788,647 |
| 2 | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/अथवा असामान्य मदों से पूर्व) | (3,372,433) | (1,331,882) | (1,471,988) | 1,774,375 | 465,142 |
| 3 | कर से पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (3,372,433) | (1,331,882) | (1,471,988) | 575,975 | 465,142 |
| 4 | कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/अथवा असामान्य मदों के बाद) | (3,372,433) | (1,331,882) | (1,471,992) | 456,996 | 377,301 |
| 5 | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | (3,372,433) | (1,331,882) | (1,471,992) | 456,996 | 377,301 |
| 6 | इक्विटी शेयर कैपिटल | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 | 21,175,000 |
| 7 | रिजर्व्स (पूर्ववर्ती वर्ष की अंकेक्षित बैलेंस शीट में दर्शाये अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर) | | | | 30,122,974 | 29,665,978 |
| 8 | अर्जन प्रति शेयर (रु. 10 प्रत्येक के) (वार्षिकृत नहीं) बेसिक एवं डायल्युटेड | (1.59) | (0.63) | (0.70) | 0.22 | 0.18 |

टिप्पणी : उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये समाप्त तैमाहिक और वर्ष के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार हैं। अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स यथा www.msei.in पर उपलब्ध हैं। ये कम्पनी की वेबसाइट यथा www.sidhmanagement.in पर भी उपलब्ध हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सिध मैनेजमेंट कॉर्पोरेट सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-
दिनेश शर्मा
पूर्ण-कालिक निदेशक
डीआईएन : 07526355

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 21 मई 2022

# डीसीडब्ल्यू अध्यक्ष मालीवाल ने पत्नी को जलाने वाले आरोपी पति को पकड़वाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- आरोपी ने यूपी के बागपत में अपनी पत्नी को 90 प्रतिशत जलाया और दिल्ली में भर्ती पत्नी को बयान न देने के लिए धमकाता था
- पत्नी को जलाने के बाद दबंगई से अस्पताल में घूम रहा था आरोपी



दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने रविवार को दिल्ली के एक अस्पताल से पत्नी को जलाने वाले यूपी निवासी आरोपी को खुद पकड़वाकर दिल्ली पुलिस के हवाले किया। इस बात की जानकारी डीसीडब्ल्यू की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने रविवार को ट्वीट कर दी है। स्वाति ने ट्वीट किया कि यूपी के बागपत में पत्नी को पेट्रोल से 90 प्रतिशत जलाने के बाद उसका पति दबंगई से सफदरजंग अस्पताल में अपनी पत्नी को बयान न देने के लिए धमकाता था। एफआईआर दर्ज होने के बाद भी यूपी पुलिस ने अपराधी को गिरफ्तार नहीं किया। हमने आज आरोपी को पकड़वाकर दिल्ली पुलिस को सौंपा। मैं सफदरजंग अस्पताल में बागपत की महिला से मिली जिसके पति ने उसे 4 दिन पहले पेट्रोल डालकर 90 प्रतिशत जला दिया। वो तड़प रही है और उसकी हालत बेहद ख़राब है। वह साफ बता रही है कैसे उसके हैवान पति ने दूसरी शादी करने की चाह में उसको जला दिया। यूपी पुलिस ने एफआईआर तो की पर अब तक अरेस्ट नहीं किया था।

स्वाती ने एक वीडियो भी शेयर किया। जिसमे वह खुद आरोपी को पकड़कर पुलिस को सौंप रही हैं। इस दौरान स्वाति ने पुलिस को पीड़ित महिला के बयान का वीडियो भी दिखाते हुए कहा कि आरोपी ने दूसरी शादी करने के लिए पीड़िता को 90 प्रतिशत जला दिया।

# ट्रिपल सुसाइडः मौत को गले लगाने से पहले घर को गैस चैंबर में कर दिया था तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के वसंत विहार इलाके में एक महिला ने अपनी दो बेटियों के साथ सुसाइड कर लिया। मृतकों के नाम मंजू श्रीवास्तव (55), बेटी अंकिता (30), और अंशुता उर्फ अंकु (26) है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग हॉस्पिटल भेज दिया गया है। शुरुआती पुलिसिया जांच में पता चला कि मौत को गले लगाने के लिए घर को एक गैस चैंबर में तब्दील कर दिया गया था। गैस सिलेंडर भी आंशिक रूप से खुला पाया गया है। दम घुटने से मौत की आशंका जताई जा रही है। बताया गया है कि परिवार के मुखिया की कोराना के कारण मौत हो चुकी है। तभी से परिवार अवसाद में जी रहा था। परिवार की आर्थिक हालत भी बेहद खराब थी।

जानकारी के मुताबिक शनिवार रात लगभग 9 बजे वसंत अपार्टमेट, फ्लैट नम्बर 207 के अंदर से बंद होने की सूचना पुलिस को मिली थी। बताया गया था कि कोई दरवाजा नहीं खोल रहा है। इसमें एक महिला और उनकी दो बेटियां रहती हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंच बाहर लगे जाली के दरवाजे को हल्का बल प्रयोग कर खोल लिया। इसके बाद अंदर के लकड़ी के दरवाजे को भी तोड़ा गया। इसके बाद पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई। अंदर धुआं भरा हुआ था। एक कमरे में बेड पर मां और दोनों बेटियों के शव पड़े थे। फ्लैट के सभी खिड़की दरवाजे अंदर से बंद थे। खिड़की व रोशनदान को पॉलीथीन लगाकर सील किया गया था। गैस सिलेंडर भी थोड़ा खुला हुआ था। इसके अलावा तीन छोटी अंगीठियां और सुसाइड नोट भी मिले। 55 साल की मृतका मंजू लंबे समय से बीमार थी। वहीं बिस्तर से हिल डुल नहीं सकतीं थी।

### घर के मुखिया की हो चुकी है कोरोना से मौत

जांच में पुलिस को पता लगा कि इस घर के मालिक उमेश चंद्र श्रीवास्तव की 2021 में कोरोना से मौत हो गयी थी। इसके बाद से पूरा परिवार डिप्रेशन में था। पुलिस इस मामले को सुसाइड मानकर चल रही है। क्योंकि घर की दीवारों पर सुसाइड नोट भी चिपके मिले हैं। घर के दरवाजे खिड़की फॉयल और टेप से सील बन्द कर दिए गए थे ताकि धुआं जरा भी बाहर न जा सके। रविवार को घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने जाकर जांच की है।

### दरवाजे पर लगाया गया था वार्निंग नोट

पुलिस को जांच में पता लगा दरवाजे पर वार्निंग नोट चिपकाया गया था। उस पर लिखा गया गैस चैम्बर में प्रवेश करते हुए सावधान। कोई लाइट माचिस आदि न जलाएं। अंदर कार्बन मोनोऑक्साइड गैस हो सकती है। अंदर प्रवेश करते समय न तो कोई लाइट जलाये, न ही कोई माचिस या फिर मोमबत्ती। क्योंकि ऐसा करने पर आग भड़क सकती है। अंदर काफी जहरीली गैस है। इसलिए अंदर प्रवेश करने वाला पहले बाहर की तरफ से इस घर के खिड़की और दरवाजे अच्छी तरह से खोल दें।

### आठ से 10 पन्नों का मिला सुसाइड नोट

पुलिस द्वारा बरामद किए गए 8 से 10 पन्नों का सुसाइड नोट में लिखा हुआ था कि उनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं थी। पिता की मौत 2021 में कोरोना की वजह से हो गई थी, जिसके बाद से खुद को अकेला महसूस करने लगे थे।

### सत्यवती फ्लाईओवर पर हुआ हादसा

# कार डिवाइडर से टकराई महिला की मौत, बेटा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




उत्तरी दिल्ली में सत्यवती फ्लाईओवर पर रविवार तड़के एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने से 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई और उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना में पूनम भाटिया (45) की मौत हो गई जबकि उनके बेटे वत्स (21) का दीप चंद बंधु अस्पताल में इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना उस समय हुई जब उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के अशोक विहार निवासी भाटिया और उनका बेटा एक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि भाटिया का बेटा कार चला रहा था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना इतनी भीषण थी कि महिला कार से नीचे गिरने के बाद फ्लाईओवर से गिर गई। कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस उपायुक्त (उत्तर-पश्चिम) उषा रंगनानी ने बताया कि सुबह करीब पांच बजे भारत नगर थाने में दुर्घटना के संबंध में सूचना मिली। जब स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्हें दिल्ली के रजिस्ट्रेशन नंबर वाली एक गाड़ी क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सत्यवती फ्लाईओवर पर कार के डिवाइडर से टकराने के बाद चालक ने अपना नियंत्रण खो दिया। रंगनानी ने कहा कि महिला और उसके बेटे को तुरंत दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में महिला ने दम तोड़ दिया, जबकि उसके बेटे का इलाज जारी है और उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने कहा कि डॉक्टरों द्वारा महिला के बेटे को फिट घोषित किए जाने के बाद उसका बयान दर्ज किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि महिला का शव पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया जाएगा। रंगनानी ने कहा कि हमने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 279 (सड़क पर लापरवाही से वाहन चलाना), 337 (किसी के जीवन को खतरे में डालने वाला कृत्य) और 304 ए (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया है। जांच जारी है।

TOREX
रक्त की कमी को दूर करने का सर्वोत्तम टॉनिक!
रक्त की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए हिमोफोर्ट सिरप का उपयोग करना चाहिए। इसके सेवन से खून में हिमोग्लोबिन और लाल रक्त कोशिकाओं की मात्रा में वृद्धि होती है।




हिमोफोर्ट के लाभ
- इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है।
- भूख व पाचन में सुधार करता है।
- एनीमिया रोग में लाभकारी।
- आयरन व मिनरल से भरपूर।
- खून की कमी से जुड़े लक्षणों से राहत।

शारीरिक थकान और कमजोरी को दूर करने वाला प्रभावशाली फॉर्मूला।
HEMO FORTE
For more information, please contact : +91 97792 14455, +91 73199 35154 (Whatsapp) / care@torquepharma.com